

विराट के लिए बैटिंग फायदेमंद

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा, विराट कोहली का विकेट अहम है लेकिन उनकी टीम सिर्फ उन्हीं पर फोकस नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि विराट सर्वश्रेष्ठ है लेकिन भारत की टीम बहुत अच्छी है और यूं ही विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप में आगे नहीं है । हम एक खिलाड़ी पर ही फोकस नहीं कर सकते।'

## संयम के साथ करेंगे भारत के तेज आक्रमण का सामनाः विलियमसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाजों ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह का स्वागत 'जांचे और परखे ' संयम के साथ करेगी। विलियमसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का उनकी सरजमीं पर सामना करने से यह बिल्कुल अलग होगा। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को 3–0 से हराया। उसमें पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क ने कीवी बल्लेबाजों को खेलने ही नहीं दिया। विलियमसन ने कहा, 'यहां हालात बिल्कुल अलग हैं। भारत के पास विश्व स्तरीय तेज आक्रमण है जिसने हर हालात में अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में मिली हार के बाद हम निश्चित तौर पर जीत की राह पर लौटना चाहते हैं। हमने उस सीरीज से सबक लिया है लेकिन हम यहां भी अपनी शैली में ही खेलेंगे।' बेसिन रिजर्व की पिच के बारे में उन्होंने कहा, 'यहां शुरुआत में गेंदबाजों को मदद मिलेगी लेकिन बाद में बल्लेबाजों के लिये भी यह आसान हो जाएगी।

# तेज और उछालभरी पिच पर कीवी चुनौती का सामना करने को तैयार इंडिया

## शीर्ष रैंकिंग वाली विराट कोहली की टीम के 360 अंक है

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंगटन। देश–विदेश में विजय पताका फहराने वाली भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से बेसिन रिजर्व की तेज पिच पर पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड का सामना करेगी तो उसके सामने विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में यह अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी। शीर्ष रैंकिंग वाली विराट कोहली की टीम के 360 अंक है और कागजों पर उसका पलड़ा भारी दिख रहा है लेकिन केन विलियमसन की कीवी टीम संयम की पूंजी है जो इन पिचों पर उपयोगी साबित होगी। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार मार्च 2017 में अपनी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज गंवाई थी। उसके बाद से यहां दस में से पांच टेस्ट जीते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में 3–0 से हारने के बाद न्यूजीलैंड के इरादे जीत की राह पर वापसी के होंगे जबकि भारतीय टीम यह साबित करना



चाहेगी कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में मिली जीत तुक्का नहीं थी और प्रतिकूल परिस्थितियों में जीतने का शऊर उसे बखूबी आता है।

विपरीत दिशा से आती हवाओं के कारण बेसिन रिजर्व गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल की नयी सलामी जोड़ी को ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने जा रहे काइल जैमीसन जैसे आला दर्जे के गेंदबाजों का सामना करना है।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नील वेगनेर की गैर मौजूदगी में भारतीय मध्यक्रम ने राहत की सांस ली होगी। वेगनेर अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण ब्रेक पर हैं। न्यूजीलैंड टीम में हरफनमौला डेरिल मिशेल और बायें हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल में से एक को जगह मिलेगी।

कप्तान कोहली टॉस जीतने पर गेंदबाजी चुन सकते हैं ताकि जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा और मोहम्मद शमी पिच से मिलने वाली शुरुआती मदद का फायदा उठा सकें। कोहली स्वयं स्वीकार कर चुके हें कि उनकी टीम को पिच के अनुकूल होने का इंतजार करना होगा जबकि विलियमसन की टीम इसी संयम के लिए जानी जाती है।

कोहली ने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विरोधी टीम में कितना संयम है, हमें और सब्र दिखाना होगा। हम ऐसे तैयारी नहीं कर सकते कि न्यूजीलैंड अपने संयम के दम पर हम पर दबाव बना दे।' न्यूजीलैंड टीम चार तेज गेंदबाजों और एक तेज गेंदबाज हरफनमौला के साथ उतर सकती है जबकि भारतीय टीम प्रबंधन स्पिनर आर अश्विन को उतार सकता है जिनके पास रविंद्र जडेजा से ज्यादा विविधता है।

# आईपीएल का ऑल स्टार मैच मुश्किल में, फ्रैंचाइजियों को दिक्कत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें संस्करण से पहले खेले जाने वाले ऑल स्टार मैच पर काले बादल मंडरा रहे हैं। इस क्रिकेट लीग की फ्रैंचाइजियों ने इस मैच को लेकर आपत्ति जताई है। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली की ख्वाहिश थी कि आईपीएल की शुरुआत से पहले 25 मार्च को शीर्ष खिलाड़ियों को मिलकर एक मैच खेला जाए, लेकिन अब इस पर पानी फिरता दिख रहा है। फ्रैंचाइजी के एक अधिकारी ने कहा कि यह मैच लीग की तैयारियों का समय खा जाएगा और फ्रैंचाइजी यह नहीं चाहती हैं।

अधिकारी ने कहा, बड़े नाम टूर्नमेंट की शुरुआत से एक सप्ताह



पहले भारत आने शुरू हो जाएंगे। अब अगर आप खिलाड़ियों को 25 मार्च को होने वाले ऑल स्टार मैच खेलने की अनुमति देते हो तो वह 23 मार्च की रात या 24 मार्च की सुबह रवाना हो जाएंगे। अगले दिन वो खेलेंगे और 26 मार्च को वापस लौट आएंगे और फिर टूर्नमेंट 29 मार्च को शुरू होगा। क्या इसका कोई औचित्य है? साथ ही क्या, यह फ्रैंचाइजियों के लिए सही है? मुझे नहीं लगता।

एक और अधिकारी ने कहा कि ऑल स्टार मैच में महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह जैसे बड़े खिलाड़ियों को खेलना होगा। बोर्ड ने इस विचार को लाने से पहले फ्रैंचाइजियों से बात तक नहीं की थी।

अधिकारी ने कहा, हमारे पास मीडिया से यह खबर आई की ऑल स्टार मैच का आयोजन किया जा सकता है। हमें यह बात बताई भी नहीं गई। यह ऑल स्टार मैच दो दूसरी डिविजन की टीमों के बीच नहीं खेला जा रहा है और वह यह तो कर ही सकते थे कि हमसे इस मुद्दे पर बात करते। हमने इस बात पर भी चर्चा नहीं कि की हमारा कोई बड़ा खिलाड़ी चोटिल भी हो सकता है।श अब ऐसी खबरें हैं कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह मैच आईपीएल–2020 के बाद खेला जा सकता है।

## दिव्या ने जीता गोल्ड, तीन और भारतीय महिला पहलवान फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिव्या काकरान ने गुरुवार को यहां एशियाई चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन गईं। उन्होंने अपने सारे मुकाबले प्रतिद्वंद्वियों को चित्त करके जीते, जिसमें जापान की जूनियर विश्व चौंपियन नरूहा मातसुयुकी को हराना भी शामिल रहा। दिव्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच पहलवानों के 68 किग्रा वर्ग में अपने सभी 4 मुकाबले जीते जो राउंड रॉबिन प्रारूप में खेले गए। नवजोत कौर एशियाई चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं, जिन्होंने 2018 में किर्गिस्तान के बिशकेक में 65 किग्रा का खिताब जीता था। मेजबानों के लिए दिन यादगार रहा, जिसमें सरिता मोर (59 किग्रा), पिंकी (55 किग्रा) और निर्मला देवी (50 किग्रा) ने अपने वजन वर्गों के फाइनल में पहुंचकर कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया है। चीन के पहलवानों की अनुपस्थिति में और जापान के अपने सर्वश्रेष्ठ पहलवानों को नहीं भेजने से चुनौती थोड़ी कमजोर पड़ गई थी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता दिव्या ने 68 किग्रा में पहले कजाखस्तान की एलबिना कैरजेलिनोवा को पस्त किया।

## न्यूज डायरी



## रोजर फेडरर के घुटने की सर्जरी, नहीं खेलेंगे फ्रेंच ओपन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर अगले कुछ महीने अब टेनिस कोर्ट पर दिखाई नहीं देंगे। बुधवार को फेडरर के घुटने की सर्जरी हुई है और इससे उबरने के लिए उन्हें कुछ महीने आराम करना होगा। खुद फेडरर ने एक ट्वीट कर अपने फैन्स से यह जानकारी साझा की। स्विट्जरलैंड के इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन समेत 4 अन्य बड़े टूर्नमेंट्स से बाहर रहने की जानकारी दी है। 20 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम चुके इस दिग्गज स्टार ने अपने ट्वीट में लिखा, शपिछले कुछ समय से मेरा दाहिना घुटना मेरी चिंताएं बढ़ा रहा था। मुझे उम्मीद है कि यह सही हो जाएगा, लेकिन कुछ जांच और अपनी टीम से बातचीत के बाद मैंने कल (बुधवार) स्विट्जरलैंड में ऑर्थोस्कोपिक सर्जरी का कराने का निर्णय लिया। 38 वर्षीय फेडरर ने इस ट्वीट में आगे लिखा, इस प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने बताया कि यह (ऑपरेशन) सही चीज थी, जो की जानी थी और उन्हें (डॉक्टरों) बहुत विश्वास है कि यह पूरी तरह सही हो जाएगा।

## अजिंक्य रहाणे ने दिखाया ऋषभ पंत को आईना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईना दिखाया है। उन्होंने गुरुवार को यहां कहा कि ऋषभ पंत को स्वीकार करना होगा कि वह खराब दौर से गुजर रहे हैं और उन्हें बतौर क्रिकेटर बेहतर होने पर फोकस जारी रखना होगा। 22 वर्ष के पंत पांच महीने पहले तक सभी प्रारूपों में विकेटकीपर के तौर पर भारत की पहली पसंद थे। उन्होंने सीमित ओवरों के प्रारूप में केएल राहुल को जगह गंवा दी जबकि टेस्ट में ऋधिमान साहा विकेटकीपर हैं। रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व कहा, 'यह स्वीकार करना जरूरी है कि आप कहां खड़े हैं। सकारात्मक रहकर ज्यादा से ज्यादा सीखने की जरूरत है। बात सीनियर या जूनियर की नहीं है।' बता दें कि पंत खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे पर टी–20 और वनडे सीरीज के सभी मुकाबलों में नहीं खिलाया गया था।

## एक–दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रह सकते, टीम के रूप में अच्छा खेलना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरूवार को कहा कि उनकी टीम को टी20 विश्व कप में एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की बजाय एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत अब तक छह बार हुए इस टूर्नमेंट में फाइनल तक नहीं पहुंच सका है। दो साल पहले भारतीय टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हरमनप्रीत ने कहा, 'एक टीम के रूप में अच्छा खेलने के लिए आपको तालमेल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले टूर्नमेंटों से हमने सीखा है कि एक या दो खिलाड़ियों पर ही जीत के लिए निर्भर नहीं रहा जा सकता।' भारतीय टीम रन बनाने के लिए हरमनप्रीत और स्मृति मंधाना पर निर्भर रही है जिसकी बानगी ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला में भी देखने को मिली। कप्तान ने कहा, 'विश्व कप जैसे बड़े टूर्नमेंट जीतने के लिए एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है और हम वही करेंगे।'

## विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगाज करेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने के सपने संजोने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करेगी। लंबे समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना भारत की कमजोरी रही है। ऑस्ट्रेलिया में त्रिकोणीय श्रृंखला में टीम फाइनल तक पहुंची थी। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच गंवाया और एक जीता और फाइनल में मेजबान से हार गई। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक छह बार हुए टी20 विश्व कप में चार बार जीत दर्ज की है। भारतीय मध्यक्रम और निचले क्रम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराया जा सके।